हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
NEWS
dku live & dkunews24
वर्ष : 03 अंक–249 : जौनपुर, मंगलवार 11 जनवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## खराब छवि मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं देगी भाजपा : प्रत्याशी चयन को लेकर दिल्ली में बैठक

लखनऊ ब्यूरो : भाजपा विधानसभा चुनाव में खराब छवि वाले मौजूदा विधायकों को टिकट नहीं देगी। वह जिताऊ व टिकाऊ उम्मीदवारों पर ही दांव खेलेगी। सोमवार को पार्टी की चुनाव समिति की पहली बैठक में प्रत्याशी चयन पर मंथन किया गया। पहले व दूसरे चरण के कुछ प्रत्याशियों की सूची इसी सप्ताह जारी की जाएगी। उधर, दिल्ली में मंगलवार को होने वाली पार्टी की बैठक में यूपी के प्रत्याशी चयन को लेकर निर्णय किया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने चुनाव प्रचार की रणनीति प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की कोविड गाइडलाइन के तहत डोर टू डोर प्रचार किया जाएगा। पार्टी बड़े नेताओं की डिजिटल सभा और रैली करेगी। इसके लिए बूथ स्तर तक पूरी तैयारी है। बैठक में तय किया गया कि पार्टी चरणवार प्रत्याशी घोषित करेगी। हालांकि कुछ जगहों पर सपा और बसपा के प्रत्याशी को देखते हुए जातीय समीकरण के हिसाब से उम्मीदवार घोषित किए जाएंगे। बैठक में पश्चिमी यूपी में पहले चरण के चुनाव प्रचार की रणनीति पर भी मंथन किया गया। पार्टी किसानों, जाटों के साथ जाटव समाज को साधने पर फोकस करेगी। बैठक में प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, समिति के सदस्य ब्रजेश पाठक, सलिल



विश्नोई, अश्विनी त्यागी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। प्रत्याशी चयन को लेकर दिल्ली में बैठक आज, पार्टी के बड़े नेता दिल्ली पहुंचे। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पहले और दूसरे चरण के प्रत्याशी चयन के लिए मंगलवार को दिल्ली में भाजपा की बैठक होगी। बैठक में यूपी भाजपा की ओर से तैयार प्रत्याशियों के पैनल पर मंथन के बाद उम्मीदवारों के नाम तय किए जाएंगे। पार्टी के चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान की मौजूदगी में होने वाली बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, डॉ.दिनेश शर्मा, महामंत्री संगठन सुनील बंसल और प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह मौजूद रहेंगे। बैठक में शामिल होने के लिए पार्टी के नेता सोमवार रात दिल्ली पहुंच गए।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर 2000 गर्भवती की हुई प्रसव पूर्व जांच

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर सोमवार को जिले की लगभग 2000 गर्भवती की निःशुल्क प्रसव पूर्व जाँच (एएनसी) की गई द्य अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह ने सभी ब्लाक पर पर्यवेक्षकों की तैनाती की थी। आशा कार्यकर्ताओं ने गर्भवती को स्वास्थ्य केंद्रों तक लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीएमओ ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस हर महीने की नौ तारीख को मनाया जाता है लेकिन इस बार नौ तारीख को रविवार के अवकाश की वजह से 10 जनवरी को मनाया गया। अभियान के तहत चिकित्सक सभी ब्लाक स्तरीय स्वास्थ्य इकाइयों पर गर्भवती के स्वास्थ्य की जांच करते हैं और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी देते हैं। इस दौरान उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) वाली महिलाओं को भी चिह्नित किया जाता है जिससे कि उनके सुरक्षित प्रसव की व्यवस्था कराई जा सके। जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) सत्यव्रत त्रिपाठी ने बताया कि अभियान के तहत जिले के 21 ब्लाक, जिला अस्पताल तथा शहर के तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान करीब 2000 गर्भवती की जांच हुई, जिसमें से लगभग 150 उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) की श्रेणी में चिन्हित की गईं। इस अभियान का उद्देश्य है कि गर्भवती की प्रसव पूर्व कम से कम एक बार मेडिकल आफिसर की निगरानी में जांच हो । जांच के दौरान विशेषकर लक्षित महिलाओं (द्वितीय और तृतीय त्रैमास वाली गर्भवती) को प्राथमिकता दी जाती है। द्वितीय और तृतीय त्रैमास में गर्भवती को प्रसव पूर्व तथा स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं का ज्यादा सामना करना पड़ता है। इसके चलते ही इनकी जांच मेडिकल आफिसर (एमबीबीएस या प्रसूति



रोग विशेषज्ञ) द्वारा की जाती है। इस दौरान गर्भवती के पेट से जुड़ी जांचें, ब्लड टेस्ट, हीमोग्लोबिन, यूरिन, शुगर, सिफलिस, एचआईवी आदि की जांच की जाती है। जांच के दौरान ही उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाएं चिन्हित की जाती हैं और उनके सुरक्षित प्रसव की व्यवस्था कराई जाती है। इसके लिए उन्हें प्रसव के दौरान उच्च चिकित्सा इकाइयों में रेफर किया जाता है। उच्च जोखिम वाली महिलाओं को गंभीर रक्त अल्पता, उच्च रक्तचाप, कम वजन, डायबिटीज, एचआईवी पाजिटिव तथा 35 साल से अधिक की उम्र में गर्भधारण आदि श्रेणियों में पहचान की जाती है। यह कहना है लाभार्थियों का मछलीशहर ब्लॉक अंतर्गत अहमदपुर अपने मायके से आईं मुंगराबादशाहपुर के पुरेवपुर की पूजा पटेल (26) दूसरी बार गर्भवती थीं और मछली शहर में दिखाने आईं थीं। गर्भावस्था का आठ महीने पूरा हो चुका है। उनकी सभी जांचें हुईं। खून की कमी थी जिसके लिए उन्हें उचित खानपान की सलाह दी गई। उन्हें कैल्शियम और आयरन की गोली तथा मल्टी विटामिन का टैबलेट मिला। वह स्वास्थ्य व्यवस्था से बहुत खुश थीं।–रामनगर ब्लाक अंतर्गत तृतीडीह की साधना (28)ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर ब्लड, हार्ट बीट की जांच कराई तथा कोविड वैक्सीन की की सेकेंड डोज लगवाई। उन्होंने दूसरी बार गर्भधारण किया है और आठ माह का गर्भ है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने श्रीकांत उपाध्याय

आर एल पाण्डेय लखनऊ। हिन्दू देव प्रकाश शुक्ला संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार में हिन्दू श्रीकांत उपाध्याय जी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी जाती है हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप तन मन पूरे जिले में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे आपके मनोनयन पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री 1008



महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा वाहिनी हिंदू देव प्रकाश शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला राष्ट्रीय संयोजक प्रकाश मिश्रा जी राष्ट्रीय शासन प्रभारी श्यामानंद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुलकित आनंद राष्ट्रीय प्रभारी अजय गोस्वामी हिंदू पंडित हृदेश शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सलाहकार बलराम सिंह यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष लीगल सेल एच एन मिश्रा राष्ट्रीय सचिव राजन मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिषेक राष्ट्रीय राष्ट्रीय सचिव संस्कृति प्रकोष्ठ मनोज पाठक हिन्दू अनुराग तिवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिन्दू प्रशांत नीलकंठ अंबेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष विकलांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रोशनी शुक्ला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपिका मिश्रा उत्तर प्रदेश प्रभारी दीपिका वर्मा विजय सागर सोनी मंडल प्रभारी कानपुर राजीव मिश्रा प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया सभी लोगों ने आशा व्यक्त की आप संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे हम सभी आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## कोरोना के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत महामारी अधिनियम–1897 यथा संशोधित में दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुये दिशा–निर्देश निर्गत : जिलाधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन गृह गोपन अनुभाग के दिये गये दिशा–निर्देश के अनुपालन में वर्तमान में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए तथा महामारी अधिनियम–1897 यथा संशोधित में दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नवत दिशा–निर्देश निर्गत किये जाते हैं जो तत्काल प्रभाव से लागू होंगे :–

जनपद में स्थापित पी०ए० सिस्टम के माध्यम से कोविड–19 से बचाव एवं सुरक्षा विषयक मानको/सुझावो के साथ–साथ कोविड वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में प्रभावी प्रचार–प्रसार कराया जाये। यह भी सुनिश्चित कराया जाय कि सभी पी०ए० सिस्टम सदैव क्रियाशील रहे व प्रचार–प्रसार के प्रयासों को और अधिक सशक्त किया जाये। 15 वर्ष से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के कोविड टीकाकरण को और अधिक गतिशील बनाने हेतु अस्पतालों के अलावा अन्य स्थानों जैसे स्कूल, कॉलेज इत्यादि का भी उपयोग किया जाये। सोशल डिस्टेन्सिंग का प्रभावी पालन कराने हेतु राशन की दुकान व अन्य दुकानों में दो गज की दूरी रखते हुये स्थानों पर गोले बनाकर चिन्हांकन किया जाय ताकि दुकानों पर उपस्थित व्यक्तियों में उचित दूरी बनी रहे। स्थानीय मण्डियों/साप्ताहिक को इस प्रकार संचालित किया जाय, जिसमें वहाँ फुटकर बिक्री आदि के कारण भीड़–भाड न हो सके एवं नियंत्रित तरीके से कार्य हो सके। यदि आवश्यक हो तो जनपद स्तर पर ऐसी मण्डियों/मार्केट को भीड़–भाड़ वाले स्थानों से दूर अथवा अन्य खुले स्थानों पर कोविड प्रोटोकाल के नियमों का पालन करते हुए स्थानांतरित किया जाये। अलग–अलग दुकानों को अलग–अलग समय पर खोला जाये, जिससे एक समय में अधिक व्यक्ति एकत्रित न होने पाए और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित किया सके। सभी प्रमुख मण्डियों में प्रातः 4:00 बजे से 8:00 बजे के बीच ट्रकों आवाजाही निर्बाध रूप से करायी जाये। यह अपेक्षा की जाती है कि जिलाधिकारी / पुलिस अधीक्षक तथा अपर जिला मजिस्ट्रेट/ अपर पुलिस अधीक्षक प्रातः 4:00 बजे से प्रातः 8:00 बजे के मध्य संयुक्त रूप से निरीक्षण करें कि उक्त व्यवस्था समुचित रूप से चलती रहे। निदेशक मंडी परीक्षण सम्बन्धित जनपद के मण्डी समितियों से समन्वय स्थापित कर उक्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। दुकानों, रेस्टोरेन्ट/ होटल के रेस्टोरेन्ट एवं ईटिंग ज्यायेटस के द्वार पर पल्स ऑक्सीमीटर इन्फ्रारेड थर्मामीटर तथा सेनेटाइजर के साथ कोविड हेल्प डेस्ट स्थापित किया जाये तथा मास्क नहीं तो सामान नहीं का अनुपालन कराने हेतु व्यापार मण्डल से समन्वय स्थापित कर अनुसरण किया जाये। उपरोक्त के अतिरिक्त जनपद स्तर पर कोरोना के संक्रमण के दृष्टिगत ग्रेडेड रिस्पान्स हेतु निम्न निर्देश दिये गए हैं। धार्मिक संस्थाओं एवं धार्मिक स्थानों पर कोविड हेल्प डेस्क स्थापित कर एवं मास्क का प्रयोग सुनिश्चित कराया जाये। पुरातत्व विभाग स्मारक, वन्य प्राणि उद्यान (चिडियाघर) एवं क्लब में कोविड हैल्प डेस्क स्थापित कर स्क्रीनिंग की व्यवस्था एवं मास्क का प्रयोग सुनिश्चित कराया जाये।स्वीमिंग पूल/ वाटर पार्क एवं जिम बन्द रहेंगे। स्टोरेंट/ होटल के रेस्टारेंट/ फूड ज्वाइंट्स एवं सिनेमा हाल 50 प्रतिशत की क्षमता के साथ संचालित होंगे। इनमें भी कोविड हेल्प डेस्क स्थापित कर स्क्रीनिंग की व्यवस्था एवं मास्क का प्रयोग सुनिश्चित कराया जाये। कक्षा–10 तक सभी शैक्षणिक संस्थान 08 जनवरी 2022 से 14 जनवरी 2022 तक बन्द रहेंगे। 15 वर्ष से 18 वर्ष के छात्रों को वैक्सीन लगने पर 02 दिन का अवकाश दिया जाये। रात्रि कालीन कर्फ्यू रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक लागू रहेगा। आईटी एवं आईटीईएस से सम्बन्धित निजी कम्पनियाँ वर्क फ्राम होम की व्यवस्था को लागू करना प्रोत्साहित करेंगी। शादी समारोह व अन्य आयोजनों में व्यक्तियों की उपस्थिति निम्नवत शर्तो/ प्रतिबन्धों के अनुसार रहेगी :– बन्द स्थानों में एक समय में अधिकतम 100 से अनधिक आमंत्रित अतिथियों को मास्क की अनिवार्यता, दो गज की दूरी, सेनेटाइजर का उपयोग एवं कोविड–19 प्रोटोकाल के अनुसार अन्य सावधानियों के साथ अनुमति होगी। कोविड हेल्पडेस्क की स्थापना प्रवेश द्वार पर की जायेगी। खुले स्थानों पर एक समय में ग्राउण्ड की क्षमता के 50 प्रतिशत तक आमंत्रित अतिथियों को मास्क की अनिवार्यता, दो गज की दूरी, सेनेटाइजर का उपयोग एवं कोविड–19 प्रोटोकाल के अनुसार अन्य सावधानियों के साथ अनुमति होगी। कोविड हेल्पडेस्क की स्थापना प्रवेश द्वार पर की जायेगी।

उपरोक्त दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये।

## विधानसभा निर्वाचन 2022 से संबंधित प्रिंटर्स और पब्लिशर्स के स्वामियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में मुख्य कोषाधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचन – 2022 से संबंधित प्रिंटर्स और पब्लिशर्स के स्वामियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई । बैठक में मुख्य कोषाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि जो भी प्रचार सामग्री,प्रिंटर्स और पब्लिशर्स द्वारा छापी जाएगी, निर्धारित प्रोफार्मा भरकर शासन को अवश्य उपलब्ध कराया जाए। प्रेस में छपी प्रचार सामग्री का विवरण जिसमें मुद्रक और प्रकाशक का नाम, फोन नंबर तथा छापी गई सामग्री की संख्या आदि की जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि प्रिंटिंग प्रेस और पब्लिशर्स द्वारा छापी जाने वाली प्रचार सामग्री किसी भी धर्म,जाति के विरुद्ध ना हो । उन्होंने कहा कि प्रेस मालिक मुद्रण करते समय कितना मुद्रित हो रहा है अवश्य लिखें। मुद्रण कराने वालों की विस्तृत जानकारी भी अवश्य रखे। बैठक में बाबा बर्फानी से तीर्थराज गुप्त, गुड लक प्रिंटर से शशिधर चौधरी, अमर प्रिंटर्स से रामपाल सिंह, हर्ष आफसेट से उदित नारायण ,डाटाप्वाइंट प्रिंटर्स से राजेंद्र सिंह,गंगा प्लेक्स और गोमती प्रेस सहित अन्य प्रिंटिंग प्रेस के स्वामी उपस्थित रहे।

## थाना बक्शा पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध सघन अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष बक्सा दिव्य प्रकाश के नेतृत्व में उ0नि0 विवेक कुमार तिवारी चौकी प्रभारी धनियामऊ मय हमराह के धनियामऊ बाजार में मामूर थे कि आज सुबह जरिये मुखबिर सूचना मिली कि एक अंतर्जनपदीय वाहन चोर चोरी की एक मोटर साइकिल के साथ बदलापुर की तरफ से आ रहा है,जो जौनपुर जाने वाला है। यदि जल्दी किया जाय तो मय वाहन के साथ पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा भोला मन्दिर तिराहे पर उक्त अपराधी को मय चोरी वाहन के साथ पकड़ा गया नाम पता पूँछा गया तो अपना नाम कायूम अहमद पुत्र नईम अहमद निवासी बक्शपुर थाना वरदह जनपद आजमगढ़ बताया जिसकी जामा तलाशी से एक अवैध तमन्चा .315 बोर व 01 अदद जिन्द कारतूस .315 बरामद हुआ । गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. कयूम अहमद पुत्र नईम अहमद उम्र 52 वर्ष निवासी बक्शपुर थाना वरदह जनपद आजमगढ़ आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0स0 08/22 धारा 411/413/414 भादवि थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 09/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 3. मु0अ0सं0 215/21 धारा 379 भादवि थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर। 4. मु0अ0सं0 148/21 धारा 379 भादवि थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़। 5. मु0अ0सं0 14/22 धारा 411/ 413/ 414/ 419/ 420/ 467/ 468/ 471 भादवि थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीम– 1–चौकी प्रभारी धनियामऊ उ0नि0 श्री विवेक कुमार तिवारी थाना बक्शा जनपद जौनपुर। 2–हे0का0 रीतम, हे0का0 माधव सिंह, का0 उत्तम प्रसाद थाना बक्शा जनपद जौनपुर।

## थाना कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 10.01. 2022 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर 03 अभियुक्त 1–सुनील कुमार बिन्द पुत्र दलसिंगार नि0 चौकिया रोड थाना कोतवाली जौनपुर को 10 लीटर 2. अभियुक्त मो0 शाहआलम पुत्र मो0 इब्राहिम नि0 मो0 अर्जन थाना कोतवाली जौनपुर को 10 लीटर 3. पंचमलाल पुत्र जगन्नाथ नि0 मुफ्तीमोहल्ला थाना कोतवाली जौनपुर को 05 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर 1–मु0अ0सं0– 18/2022,धारा–60 आबकारी बनाम सुनील कुमार बिन्द पुत्र दलसिंगार नि0 चौकिया रोड थाना कोतवाली जौनपुर के मु0अ0सं0– 19/2022,धारा– 60 आबकारी बनाम मो0 शाहआलम पुत्र मो0 इब्राहिम नि0 मो0 अर्जन थाना कोतवाली जौनपुर व मु0अ0सं0– 20/ 2022,धारा– 60 आबकारी बनाम पंचमलाल पुत्र जगन्नाथ नि0 मुफ्तीमोहल्ला थाना कोतवाली जौनपुर के पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. सुनील कुमार बिन्द पुत्र दलसिंगार नि0 चौकिया रोड थाना कोतवाली जौनपुर। 2. अभियुक्त मो0 शाहआलम पुत्र मो0 इब्राहिम नि0 मो0 अर्जन थाना कोतवाली जौनपुर। 3. पंचमलाल पुत्र जगन्नाथ नि0 मुफ्तीमोहल्ला थाना कोतवाली जौनपुर। गिरफ्तारी टीमः– 1. उ0 नि0 विवेकानन्द सिंह थाना कोतवाली जौनपुर। 2. हे0 का0 वेद प्रकाश सिंह थाना कोतवाली जौनपुर। 3. हे0 का0 जितेन्द्र कुमार सिंह थाना कोतवाली जौनपुर।

## थाना रामपुर पुलिस द्वारा अबैध शराब के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण के क्रम में क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ पर्यवेक्षण में थाना पुलिस द्वारा रामपुर नहर के पास संदिग्ध व्यक्तियो व संदिग्ध वाहन की चौकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति जो पुलिस को देखकर भागने लगा, आवश्यक बल का प्रयोग करते हुये उस व्यक्ति को पकड लिया गया । पकडे गये अभियुक्त के पास से 10 लीटर अवैध देशी शराब बरामद हुआ । पकडे गये अभियुक्त अनिल गौतम पुत्र रामभ्होर गौतम निवासी कोटीगांव जनपद जौनपुर को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 07/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–1. अनिल गौतम पुत्र रामभ्होर गौतम निवासी कोटीगांव जनपद जौनपुर । बरामदगी का विवरण– 1. 10 लीटर अवैध देशी शराब। गिरफ्तारी टीम– 1. थानाध्यक्ष श्री ओमनारायण सिंह थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 2. हे0का0 अखिलेश यादव निवासी थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 3. का0 आकाश चौहान थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 4. का0 राहुल गुप्ता थाना रामपुर जनपद जौनपुर।

## डॉ रसिकेश और डॉ संजीव गंगवार होंगे परिसर परीक्षाओं के केंद्राध्यक्ष

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्विद्यालय में संचालित विभिन्न कोर्सेज की आगामी परीक्षाओं के लिए परीक्षा नियंत्रक श्री वी.एन. सिंह ने माननीय कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य की सहमति के बाद परिसर में दो केंद्रों के लिए डॉ रसिकेश , प्रबंध अध्ययन संकाय व डॉ संजीव गंगवार , कंप्यूटर एप्लिकेशन विभाग को केंद्राध्यक्ष नियुक्त



किया है। परिसर में संचालित विभिन्न कोर्स एमबीए, एचआर डी, फाइनेंस कंट्रोल, बीई , फार्मेसी, विज्ञान, मास कॉम, एप्लाइड साइकोलॉजी, बीएएल एलबी की परीक्षा के लिए डॉ. रसिकेश और इंजीनियरिंग के समस्त विभागों के लिए डॉ संजीव गंगवार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस निमित्त डॉ रसिकेश ने बताया की ओमिक्रोन वायरस का प्रसार तेज है पर विश्वविद्यालय इसके सामान्य होने की दशा में जनवरी के अंतिम सप्ताह में सभी द्वितीय वर्ष के छात्रों के परीक्षा के तैयारियों में जुट गया है। कुलपति जी ने निर्देश दिया कि परीक्षा की सुचितापूर्ण ढंग से कराई जाए, इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

## टी.डी. इंटर कॉलेज के प्रांगण में मेगा वैक्सीनेशन कैम्प का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज टी.डी. इंटर कॉलेज के प्रांगण में 15 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए मेगा वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह एवम उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ डी. के. सिंह लगातार वैक्सीनेशन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उनके द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ आईएमए के सहयोग से प्राइवेट हॉस्पिटल के पैरामेडिकल स्टाफ,



अवध पैरामेडिकल एवम इंडियन एजुकेशनल ट्रस्ट के नर्सिंग स्टूडेंट की सहायता से 50 वैक्सीनेशन टीमें लगाई गयीं हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
नीयत साफ रखें, नियति पूरा साथ देगी।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## जब शास्त्री जी ने पाकिस्तान से युद्ध पर कही दो टूक बात..!

लाल बहादुर शास्त्री के मन में बचपन से देश भक्ति की भावना थी। अपनी इसी भावना के चलते उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर कुछ करने का मन बना लिया था। जब गांधी जी ने देशवासियों से असहयोग आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया था उस समय शास्त्रीजी केवल सोलह वर्ष के थे। महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ देने का निर्णय कर लिया था। उनके इस निर्णय ने उनकी मां की उम्मीदें तोड़ दीं। उनके परिवार ने उनके इस निर्णय को गलत बताते हुए उन्हें रोकने की बहुत कोशिश की, लेकिन वे इसमें असफल रहे। लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से सात मील दूर रेलवे टाउन मुगलसराय में हुआ था। उनके पिता एक स्कूल शिक्षक थे। जब लाल बहादुर शास्त्री केवल डेढ़ वर्ष के थे, तभी उनके पिता का देहांत हो गया था।

शास्त्री और आजादी का आंदोलन

पिता के निधन के बाद शास्त्री जी का जीवन संघर्षों के बीच गुजरा। उनकी मां अपने तीनों बच्चों के साथ अपने पिता के घर जाकर बस गईं। उस छोटे–से शहर में लाल बहादुर की स्कूली शिक्षा कुछ खास नहीं रही। उन्हें वाराणसी में चाचा के साथ रहने के लिए भेज दिया गया था। ताकि वे उच्च विद्यालय की शिक्षा प्राप्त कर सकें। घर पर सब उन्हें नन्हे के नाम से पुकारते थे।

बड़े होने के साथ–ही लाल बहादुर शास्त्री विदेशी दासता से आजादी के लिए देश के संघर्ष में अधिक रुचि रखने लगे। वाराणसी के काशी विद्या पीठ में अध्ययन के दौरान शास्त्री जी महान विद्वानों एवं राष्ट्रवादियों के प्रभाव में आए। विद्या पीठ द्वारा उन्हें प्रदत्त स्नातक की डिग्री का नाम 'शास्त्री' था। शास्त्री की उपाधि उनके नाम के साथ ऐसे जुड़ी कि जीवन पर्यन्त वो शास्त्री के नाम से ही जाने गए। 1927 में मिर्जापुर की ललिता देवी से उनकी शादी हो गई।

संस्कृत भाषा में स्नातक स्तर तक की शिक्षा समाप्त करने के पश्चात् वे भारत सेवक संघ से जुड़ गए और देशसेवा का व्रत लेते हुए यहीं से अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत की। शास्त्रीजी सच्चे गान्धीवादी थे। उन्होंने अपना सारा जीवन सादगी से बिताते हुए गरीबों की सेवा में लगाया।

भारतीय स्वाधीनता संग्राम के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों व आन्दोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी रहती थी। परिणामस्वरूप उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। स्वाधीनता संग्राम के जिन आन्दोलनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही उनमें 1921 का असहयोग आंदोलन, 1930 का दांडी मार्च तथा 1942 का भारत छोड़ो आन्दोलन उल्लेखनीय हैं। उन्होंने कई विद्रोही अभियानों का नेतृत्व किया एवं कुल सात वर्षों तक ब्रिटिश जेलों में रहे। शास्त्रीजी के राजनीतिक दिग्दर्शकों में पुरुषोत्तमदास टंडन, पण्डित गोविंद बल्लभ पंत, जवाहर लाल नेहरू शामिल थे। 1929 में इलाहाबाद आने के बाद उन्होंने टंडनजी के साथ भारत सेवक संघ की इलाहाबाद इकाई के सचिव के रूप में काम करना शुरू किया। इलाहाबाद में रहते हुए ही नेहरूजी के साथ उनकी निकटता बढ़ी। इसके बाद तो शास्त्रीजी का कद निरन्तर बढ़ता ही चला गया और वे लगातार सफलता की सीढियां चढते गए।

शास्त्री जी और राजनीतिक जीवन

भारत की स्वतन्त्रता के पश्चात शास्त्रीजी को उत्तर प्रदेश में संसदीय सचिव नियुक्त किया गया था। गोविंद बल्लभ पंत के मन्त्रिमण्डल में उन्हें गृह एवं परिवहन मन्त्रालय सौंपा गया। परिवहन मन्त्री के कार्यकाल में उन्होंने प्रथम बार महिला बस कण्डक्टरों की नियुक्ति की थी।

गृह मन्त्री होने के बाद उन्होंने भीड़ को नियन्त्रण में रखने के लिए लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारम्भ करवाया। 1951 में जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में वो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव नियुक्त किए गए।

उन्होंने 1952, 1957 व 1962 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जिताने के लिए बहुत परिश्रम किया। 1952 में वो पंडित नेहरु के मंत्री मंडल में रेलमंत्री बने। 1956 में केरल राज्य के अरियालुट में एक बहुत बड़ी रेल दुर्घटना हो गई। उस दुर्घटना में 150 लोगों की मौत हो गई थी।

इस घटना से शास्त्री को बहुत दुःख हुआ। उन्होंने रेल मंत्री होने के नाते रेल हादसे की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। 1960 में उन्हें गृहमंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। 1962 में हुए चुनाव में भी वो पुनः लोकसभा में चुनकर आए और फिर देश के गृहमंत्री बने।

जब संभाली देश की कमान

27 मई 1964 को जवाहरलाल नेहरू का देहावसान हो जाने के कारण शास्त्रीजी को देश का प्रधानमन्त्री बनाया गया। उन्होंने 9 जून 1964 को भारत के प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में ही कहा था– उनकी शीर्ष प्राथमिकता खाद्यान्न के मूल्यों को बढ़ने से रोकना है और वे ऐसा करने में सफल भी रहे। उनकी कार्यप्रणाली सैद्धान्तिक न होकर पूर्णतः व्यावहारिक और जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप होती थी। उनके शासनकाल में 1965 का भारत पाक युद्ध शुरू हो गया। इससे तीन वर्ष पूर्व चीन का युद्ध भारत हार चुका था। युद्ध के दौरान देश के तीनों सेना प्रमुखों ने उनको सारी वस्तुस्थिति समझाते हुए पूछा क्या हुक्म है? शास्त्रीजी ने एक वाक्य में तत्काल उत्तर दिया कि आप देश की रक्षा कीजिए और मुझे बताइए कि हमें क्या करना है? शास्त्री जी के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी।

ताशकन्द में पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के साथ युद्ध समाप्त करने के समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद 11 जनवरी 1966 की रात में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया गया। शास्त्रीजी की मृत्यु को लेकर तरह–तरह के कयास लगाए जाते रहे।

लोगों का मत है कि शास्त्रीजी की मृत्यु हार्ट अटैक से नहीं हुई थी। शास्त्रीजी की अन्त्येष्टि पूरे राजकीय सम्मान के साथ दिल्ली में शान्तिवन के आगे यमुना किनारे की गई और उस स्थल को विजय घाट नाम दिया गया। शास्त्रीजी को उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिए आज भी पूरा भारत श्रद्धापूर्वक याद करता है।

निष्पक्ष रूप से यदि देखा जाये तो शास्त्रीजी का शासन काल बेहद कठिन रहा। उस वक्त पूंजीपति देश पर हावी होना चाहते थे और दुश्मन देश भारत पर आक्रमण करने का मौका ढूंढ रहे थे। प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 26 जनवरी 1965 को देश के जवानों और किसानों को अपने कर्म और निष्ठा के प्रति सुदृढ़ रहने और देश को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया था। यह नारा आज भी भारतवर्ष में लोकप्रिय है। उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिये मरणोपरान्त 1966 में उन्हे भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## भाजपा सरकार गुंडों माफियाओं और महिलाओं का उत्पीड़न करने वालों पर कहर बनाकर टूट पड़ी : प्रकाश पाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विधानसभा चुनावी समर में भारतीय जनता पार्टी की महिला विंग ने जनपद की आठों विधानसभा जिताने में झोकी ताकत। आज जिला कार्यालय पर हुई जिला प्रभारी प्रकाश पाल और जिला महिला मोर्चा प्रभारी राजेश अग्निहोत्री की उपस्थिति में गुजरात जिला महिला प्रवासियों और जिला महिला पदाधिकारियों के साथ की बैठक। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश पाल ने गुजरात प्रदेश की महिला जिला प्रवासियों का कार्यालय पर किया स्वागत। बैठक में स्वर्णिम सिंह, जिला प्रभारी महिला लाभार्थी ने बताया कि आज से विधानसभावार महिला प्रवासी और महिला पदाधिकारियों की टोलियां क्षेत्र की महिला स्वयं सेवी संस्थाओं, महिला प्रधानों, महिला किसानों और अन्य लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हे गुजरात मॉडल और यूपी मॉडल के विकास कार्यों की जानकारी देकर भाजपा सरकार के कामों को और बेहतर किया जा सके उनसे सुझाव लेंगे। जिला प्रभारी प्रकाश पाल ने कहा कि आने वाली सदी महिलाओं की है। भारत, वो देश जहाँ देवियो की पूजा होती है, लड़कियों और महिलाओ को विशेष इज्जत दी जाती हैं, साथ ही अब उनके जन्म पर भी किसी को दुःख नहीं, बल्कि खुशी होती है। एक समय था जब पिछली सरकार में लड़कियों, महिलाओ को खुले वातावरण में निकलने से डर लगता था। स्कूल कॉलेज के बाहर बेटियों पर छेड़खानी और फब्तियों की बौछार होती थी। २०१७ में भाजपा सरकार बनने के बाद बड़ा बदलाव आया गुंडों माफियाओं, महिला उत्पीड़न करने वाली पर सरकार कहर बनकर टूट पड़ी। आज मोदी योगी के नेतृत्व में देश से लेकर उत्तर प्रदेश आधुनिकीकरण की तरफ बढ़ा, और विकास की तरफ अपने कदम को बढ़ाया वैसे ही भारत में महिलाओ ने प्रदेश से लेकर देश विदेश तक झंडा गाड़ा है। सरकार की बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, डायल १०९०, टैबलेट योजना, यूपी मिशन शक्ति अभियान को उत्तर प्रदेश की महिला एवं बेटियों को स्वलंबी एवं सुरक्षित बनाया, कन्या सुमंगला योजना,



महिलाओ को गैस कनेक्शन, महिलाओ के नाम राशन कार्ड आदि। भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग की महिलाओं को लाभ मिला है। जिला प्रभारी महिला मोर्चा राजेश अग्निहोत्री ने बैठक में कहा कि पिछली सरकारों में महिला सशक्तिकरण बैठक और फोटोबाजी तक सीमित रहा। भाजपा सरकार में महिलाओं को असल सम्मान मिला और उनके सशक्तिकरण पर गांव से लेकर देश की संसद तक काम किया। ग्रामीण महिलाओं में महिला उद्यमियों को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम किया। २०२२ विधानसभा चुनाव में महिलाएं ही निर्णायक भूमिका अदा करने वाली है और प्रदेश में महिलाओ का रुझान भाजपा के साथ होता देख विपक्ष बौखलाया हुआ है। २०२२ में भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत में आने जा रही है और इसका श्रेय मातृ शक्ति को समर्पित है। जिला प्रभारी महिला मोर्चा राजेश अग्निहोत्री ने बैठक में उपस्थित गुजरात से आई जिला महिला प्रवास और महिला संगठनों के पदाधिकारियों की टोली बनाकर विधानसभावार रवाना किया। गुजरात महिला विधानसभा प्रवासी योगिनी प्रजापति, सैंडी राजेश्वरी पांचोल, शहाबाद में फूल्यानी शाह, गोपामऊ में अरुणा शाह क्षेत्र में बैठक कर महिलाओ और लाभार्थियों से संपर्क करेंगी। इनके साथ जनपद की महिला पदाधिकारी सवायजपुर में लक्ष्मी राजपूत, सांडी में साधना शुक्ला, शहाबाद में रोली सिंह, हरदोई में अनुराधा मिश्र, गोपामउ में मीना वर्मा, संडीला छाया पांडे और सुनीता सिंह उपस्थित रहेगी।

## बारिश के बाद अब घने कोहरे के लिए रहें तैयार : मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी आज और कल रहें सतर्क

लखनऊ ब्यूरो : बीते पांच दिनों से जारी बारिश का सिलसिला ज्यादातार इलाकों में सोमवार से लगभग रुक गया, पर प्रदेशवासियों को अभी गलन–ठिठुरन से राहत मिलने के आसार फिलहाल नहीं हैं। मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी, गरज चमक के साथ–साथ घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। कोहरे से सर्वाधिक प्रभावित इलाकों में चंदौली, वाराणसी, गाजीपुर और आसपास के इलाके शामिल हैं। इसके अलावा जिन इलाकों में घने कोहरे का असर दिखेगा उनमें प्रयागराज, प्रतापगढ़, चंदौली, संत रविदास नगर जौनपुर, फर्रुखाबाद, कन्नौज, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया और आसपास के इलाके शामिल हैं। मऊ, बलिया, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, अंबेडकरनगर, मेरठ, हापुड़, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बंदायूं और आसपास के इलाके कोहरे की चादर से ढक रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि घना कोहरा में पहले से ही फेफड़े से संबंधित बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसके अलावा आंखों में भी दिक्कत का कारण बनता है। बाहर निकलने से बचें और निकलना ही हो तो चेहरे व सिर को कवर करके निकलें। वहीं सोमवार को भी दिन भर कोहरा छाया रहा और बादलों ने डेरा डाले रखा। इसके कारण ज्यादातर इलाकों में तापमान का उतार–चढ़ाव जारी रहा। मेरठ, बुलंदशहर, नजीबाबाद, गोरखपुर और इटावा में तापमान 10 से नीचे रहा। इटावा में तो तापमन 6.4 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि हरदोई, कानपुर नगर, झांसी, बरेली, शाहजहांपुर, मेरठ, आगरा व अलीगढ़ में अधिकतम तापमान 20 से नीचे रहा।

## सीएम योगी ने दिए निर्देश : मतदान से पहले शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य 90 फीसदी लोगों को लग गई पहली डोज

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश में मतदान से 10 दिन पहले शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए नई रणनीति बनाई गई है। अब तक करीब 90 फीसदी लोगों को पहली डोज दी जा चुकी है। इसी तरह 24 लाख से अधिक किशोरों को पहला टीका दिया जा चुका है। प्रदेश में शत प्रतिशत टीकाकरण जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत मतदान तिथि के 10 दिन पहले तक संबंधित जनपद में सभी का टीकाकरण करने का निर्देश दिया गया है। घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिस जिले में पहले मतदान होना है, वहां अतिरिक्त वैक्सीनेशन सेंटर और वैक्सीनेटर लगाए जाएंगे। सोमवार को टीम 9 की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत टीकाकरण कार्य को तेज करने की जरूरत है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चरणबद्ध रूप से जिलों को चिन्हित करते हुए शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य तय किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान तिथि के 10 दिवस पहले तक संबंधित जिले के हर एक नागरिक को टीका कवर मिलना सुनिश्चित किया जाए। सीएम के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा नई रणनीति के साथ टीकाकरण कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। बैठक में ट्रेसिंग और टेस्टिंग पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बसए, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट पर हर एक यात्री की गहनता से जांच की जाए। लक्षणयुक्त लोगों का आरटीपीसीआर टेस्ट कराया जाए। संक्रमण न फैले इसके लिए कोविड पॉजिटिव पाए जा रहे बाहर से आ रहे लक्षणयुक्त लोगों को संस्थागत आइसोलेशन में रखा जाए। मुख्यमंत्री ने इनके लिए क्वारन्टीन सेंटर, भोजन और समुचित उपचार की पुख्ता व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। अब तक 21 करोड़ 57 लाख से अधिक टीकाकरण। प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 90 फीसदी लोगों को कोविड टीके की पहली डोज लग गई है, जबकि 54 फीसदी लोग दोनों डोज पा चुके हैं। सोमवार को 17 लाख 72 हजार लोगों का टीकाकरण किया गया। प्रदेश में अब तक 21 करोड़ 57 लाख से अधिक टीकाकरण किया गया है। इसमें 13 करोड़ 58 लाख लोगों को पहली और सात करोड़ 98 लाख लोगों को दोनों डोज लग चुकी है। 28 हजार को लोगों को प्री कॉशन डोज। सोमवार से कोरोना वॉरियर्स, हेल्थकेयर व फंटलाइन वर्कर्स तथा 60 वर्ष से ऊपर की आयु के को मॉर्बीडिटी वाले लोगों को प्री.कॉशन डोज देने का काम भी शुरू हो गया। पहले दिन करीब 28 हजार लोगों को प्री.कॉशन डोज दी गई। निगरानी समितियों का पुनर्गठन, गांव–गांव संभालेंगी कमान। शासन ने कोविड महामारी से बचाव व उपचार के लिए गठित निगरानी समितियों का पुनर्गठन कर दिया है। अब ये समितियां कोविड पॉजिटिव व्यक्ति को मेडिकल किट का वितरण, कोरोना पॉजिटिव व्यक्ति के क्वारंटाइन व होम आइसोलेशन की निगरानी जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगी। अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज मनोज कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर पर गठित निगरानी समितियों द्वारा पूर्व में कोविड–19 के नियंत्रण व उपचार में प्रभावी कार्यवाही की गई है। इस बीच प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत सहायकों की तैनाती की गई है। ऐसे में निगरानी समितियों का पुनर्गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि निगरानी समितियां बाहर से आने वाले व्यक्तियों व ग्राम में कोरोना से प्रभावित व्यक्तियों का थर्मल स्कैनिंग व पल्स आक्सीमीटर से स्क्रीनिंग व सैनीटेशन व सेनेटाइजेशन की कार्यवाही करेंगी। निगरानी समितियों में ये शामिल। ग्राम प्रधान–अध्यक्ष। पंचायत सहायक–सदस्य सचिव। सदस्य–ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत की समस्त आशा कार्यकर्ता, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, समस्त राशन लीडर, ग्राम पंचायत का लेखपाल, ग्राम पंचायत रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत स्वच्छाग्रही, युवक मंगल दल के सभी सदस्य, ग्राम पंचायत का चौकीदार।

## साधन सहकारी समिति केराडिह (भभया) में निर्धारित यूरिया खाद का रेट से ज्यादा किसानों से लिया जा रहा है पैसा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : विकासखंड बेलघाट ब्लॉक अंतर्गत साधन सहकारी समिति लिमिटेड केराडीह (भभया) ने आज यूरिया खाद का वितरण किया जा रहा है हमारी टीम जब पहुंची किसानों से मिली जानकारी के अनुसार खाद का रेट 266.50 पैसे हैं लेकिन अधिकांश जगहों पर 270 रुपए लिए जा रहे हैं। लेकिन केराडिह (भभया) समित पर किसानों से पर बोरी यूरिया खाद 280 के रेट से दिया जा रहा है किसानों ने जब विरोध किया तो सचिव साहब अपना तेवर गुस्सा होते हुए 1 दिन खाद बांटना बंद कर दिए। लेकिन पुनः दूसरे दिन हारा क्या करता उसी रेट में 280 रुपए में खाद को खरीद रहा है। जानकारी मिलने के उपरांत उप जिलाधिकारी खजनी को सूचना दे दी गई है।

## क्रिएटिव कॉन्वेंट कॉलेज सरोजनी नगर में 128 छात्रों ने कराया वैक्सीनेशन

आर एल पाण्डेय लखनऊ। क्रिएटिव कन्वेंट कॉलेज सरोजनी नगर में 128 बच्चों ने वैक्सीन लगवाई। सरकारी निर्देशानुसार 15 वर्ष से 18 वर्ष की आयु वर्ग के छात्र–छात्राओं को कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक लगाई गई। वैक्सीनेशन के दौरान कोरोना प्रोटोकॉल का पूर्णतया अनुपालन किया गया। जिन छात्र–छात्राओं की किसी अपरिहार्य कारण से वैक्सीन नहीं लग सकी है , उन्हें शीघ्र वैक्सीन लगवाने का परामर्श दिया गया। स्कूल बंद होने के कारण शत – प्रतिशत वैक्सीनेशन नहीं हो सका। विद्यालय के प्रबंधक योगेंद्र सचान ने शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों से निवेदन किया है कि सब लोग सरकार की इस मुहिम में बढ़–चढ कर वैक्सीनेशन कराएं ,और स्वयं को तथा देश को सुरक्षित बनाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षक फोन




करके बच्चों को विद्यालय बुला रहे हैं और टीकाकरण करवा रहे हैं। शत प्रतिशत टीकाकरण कराने की पूरी कोशिश की जा रही है। विद्यालय छात्रों के अलावा अन्य बच्चे भी इलाके से आकर वैक्सीनेशन करा रहे हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं स्वामी जी ने शराबबंदी और समाजिक कार्यों हेतु प्रदान किया मुमेंटो

आर एल पाण्डेय लखनऊ। जनवादी कवि व समाजवादी चिंतक संस्कृति पुरुष उदय प्रताप सिंह जी की काव्य यात्रा के 75 वर्ष पूर्ण होने की अमृतवेला पर अक् तथा भारतीय ज्ञानपीठ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम ''जनवादी साहित्य और लोकतंत्र'' जिसमें देश के प्रतिष्ठित प्रकाशन ''भारतीय ज्ञानपीठ'' द्वारा उदय प्रताप सिंह जी की चुनिंदा कविताओं व गजलों का अनुपम संग्रह ''हिंदुस्तान सबका है '' नामक पुस्तक जिसका संकलन स्वामी ओमा द अकः द्वारा किया गया है जिसका विमोचन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंच पर मुख्य रूप से काशी से पधारे स्वामी ओम द अक्, श्री अखिलेश यादव व जनकवि उदय प्रताप सिंह जी उपस्थित रहे जिन्होंने पुस्तक के विमोचन की औपचारिकता पूरी की तत्पश्चात स्वामी ओम जी अक् ने जनवादी साहित्य और लोकतंत्र विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा की सशक्त लोकतंत्र की परिकल्पना जनवादी साहित्य विचार द्वारा ही संभव हो सकता है कार्यक्रम में अखिलेश यादव ने कहा कि यह पुस्तक हमारे युवाओं को उनके प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगी और स्वामी जी का इस तरह का प्रयास समाजवादी प्रयास है। इसके बाद श्री उदय प्रताप जी ने अपनी कविताओं की कुछ पंक्तियां सुनाई । कार्यक्रम अतिथियों का स्वागत



डॉक्टरअर्चना दीक्षित नजमी सुल्तान अक साकिब भारत सुदीप्त भारत अमित श्रीवास्तव जी ने माल्यार्पण और शॉल द्वारा किया गया ।इसके बाद मुख्य अतिथि अखिलेश यादव जी एवं स्वामी जी ने शराबबंदी और समाजिक कार्यों के लिए मुर्तजा अली मोहित अग्रवाल, आनंद सिंह, समर राज गर्ग , रोहित अग्रवाल को मुमेंटो प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन हितेश जी द्वारा,स्वागतयोग्य भाषण रति शंकर त्रिपाठी ने दिया कार्यक्रम आयोजन हम भारत हैं ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष साकिब भारत ने किया। धन्यवाद अमित ने किया।

## विवेकानंद जयंती पर युवा महोत्सव आज : कामनमैन सोशल वेल्फेयर सोसाइटी सांस्कृतिक प्रस्तुति पर करेगी युवाओं का सम्मान

आर एल पाण्डेय गोण्डा। स्वामी विवेकानंद की 159वीं जयंती पर कामनमैन सोशल वेल्फेयर सोसाइटी के तत्वावधान में 12 जनवरी को मालवीय नगर स्थित रामलीला मैदान में पूर्वाह्न 11 बजे से युवा महोत्सव का आयोजन किया गया है। सोसाइटी के अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप व प्रबन्धक धीरेन्द्र पाण्डेय ने सोमवार को तैयारी समिति की बैठक में बताया कि युवा महोत्सव में जनपद के कला साहित्य शिक्षा व सांस्कृतिक क्षेत्रों में प्रतिभाशाली युवाओं को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति व योगदान के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के प्राचार्य रवीन्द्र कुमार पांडेय व विशिष्ट अतिथि सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह व इंजी. सुरेश दूबे होंगे। इस मौके पर कृष्णानन्द त्रिपाठी, अनिल सिंह, जनार्दन सिंह,पंकज दूबे,सत्यदेव मिश्र, राजेश तिवारी, पंकज श्रीवास्तव, अनुपम प्रकाश मिश्र, चीकू तिवारी व इं. गंगा राम शुक्ल मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री बनने के बाद एक ही बार काशी आए थे शास्त्री जी : स्वच्छ और ईमानदार राजनीति की कहानी कहता उनका घर

वाराणसी ब्यूरो : पांच साल तक प्रधानमंत्री रहे स्व. लाल बहादुर शास्त्री का घर आज भी रामनगर में उस दौर की स्वच्छ और ईमानदार राजनीति की कहानी कहता है। संस्कृति मंत्रालय ने मिट्टी के घर को म्यूजियम के रूप में तब्दील कर दिया। संग्रहालय के पहले कमरे में तैयार वॉर रूम में चीन और पाकिस्तान के युद्ध की दुर्लभ तस्वीरें लगाई गई हैं। शास्त्री जी के रसोईघर और बैठक को भी उसी समय का लुक दिया गया है। इसमें दो अक्तूबर 1904 को पूर्व पीएम के जन्म से लेकर 12 जनवरी 1966 को नई दिल्ली में विजय घाट पर अंत्येष्टि तक के बारे में जानकारी दी गई है। पूर्व पीएम की स्मृतियों से जुड़े 150 से अधिक चित्र लगाए गए हैं। क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि काशी के लाल व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री सादगी की मिसाल थे। रामनगर में स्थित उनका पैतृक आवास हर किसी को अपनी जुबानी उनकी सादगी की कहानी सुनाता है। पीएम बनने के बाद सिर्फ एक बार ही वह काशी आए थे और ढाई घंटे का समय अपने आवास पर बिताया था। 1965 में पीएम बनने के बाद जब शास्त्री जी घर आए थे तो सुबह से ही पुलिस का पहरा रामनगर में लग गया था। चौक पर काफिला रुका और शास्त्री जी अंगरक्षकों को रोक कर सीधे सबसे पहले किले में काशीनरेश डॉ.



विभूति नारायण सिंह से मिलने पहुंचे। वहां से पैदल ही गली से होकर घर आए थे। उस दिन वे ढाई घंटे घर में रहे। फिर कभी नहीं आ सके। 11 जनवरी 1969 को उनके हमेशा के लिए इस दुनिया से चले जाने की खबर आई। पारिवारिक पेंशन से किया किस्तों का भुगतान बच्चों के आग्रह पर प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री ने एक फिएट कार बैंक लोन से खरीदी थी। किस्तों की अदायगी के पूर्व उनका निधन हो गया। बैंक अधिकारियों ने ललिता शास्त्री से किस्त माफ करने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया। भारत के लाल की ललिता ने सच्ची अर्धांगिनी के रूप में न केवल लौकिक जीवन में उनका ख्याल रखा बल्कि पारलौकिक जीवन में शास्त्री जी के स्वाभिमानी आत्मा पर आंच नहीं आने दी। अपने पारिवारिक पेंशन से कार के बची किस्तों का भुगतान किया।

# पशु तस्करों से गाव के नौजवानों से हुई मुठभेड़ : दो पशु तस्करों को दबोचा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कस्बे के बाईपास पर रविवार को देर रात पशु तस्करों ने अपने आप को घिरते देख गांव वालों पर फायरिंग कर दिया। हिम्मत दिखाते हुए गांव के नौजवानों ने दो पशु तस्करों को दबोच लिया। दो घंटे तक गांव वालों और पशु तस्करों से संघर्ष चला। अंततः अपने आप को घिरते देख तीन चार पहिया वाहन से एक दर्जन पशु तस्कर फरार हो गए। दो को असलहे व रु 25000 नगद के साथ गांव के नौजवानों ने दबोच लिया। पुलिस के हवाले कर दिया। बीती रात जफराबाद बाईपास पर दो पिकअप वाहन तथा दो फोर व्हीलर बोलेरो गाड़ी से 15 की संख्या में पशु तस्कर पहुंचे। बाईपास से 100 मीटर की दूरी पर राजदेव राजभर के घर से दो पशु खुटे से छोड़कर पिकअप वाहन की तरफ ले जा रहे थे। राजदेव राजभर के छोटे पुत्र सोनू राजभर की नींद खुल गई। लघुसंका करने के लिए घर से बाहर आए। उसकी नजर घर के सामने खूटे पर पड़ी। भैंस नहीं थी। सोनू घर से बाहर निकला उसकी नजर पशु तस्करों पर पड़ गई। भैंस को पिकअप पर लादने का प्रयास कर रहे थे। सोनू लालकारते हुए पशु तस्करों की तरफ बढ़ा। उक्त तस्करों ने सोनू पर पथराव कर दिया। सोनू शोर मचाते हुए गांव की तरफ भागा। गांव के दर्जनों नौजवान सोनू के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पशु तस्करों ने फायरिंग शुरू कर दिया। नौजवान हाईवे पर वाहन के चारों तरफ घेर लिए। पशु तस्कर लगातार ईट पत्थर चला रहे थे। फायरिंग कर रहे थे। लेकिन गांव के नौजवान हिम्मत नहीं हारे। अंततः अपने आप को संकट में देख तीन वाहन लेकर पशु तस्कर मौके से फरार हो गए। लेकिन एक वाहन को भागते समय नौजवानों ने स्टेरिंग पकड़कर घुमा दिया। हाईवे के किनारे वाहन गड्ढे में पलट गया। जिसमें छ पशु थे। दो दबकर मर गए। उक्त वाहन में दो पशु तस्करों को असलहे व कारतूस के साथ गांव वालों ने दबोच लिया। जमकर पिटाई की। 4:00 बजे भोर में गांव वालों ने जफराबाद पुलिस को सूचना दिया। थाना अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। असलहा कारतूस व 25 हजार नगद रुपए के साथ गांव वालों ने उक्त दोनों पशु तस्करों को पुलिस के हवाले कर दिया।

# आखिर किसकी तहरीर पर पुलिस ने लिख दिया मुकदमा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली थाना क्षेत्र के एराकियाना निवासी राजकुमार पुत्र मेवा लाल ने पुलिस अधीक्षक सहित तमाम प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के समक्ष प्रार्थना पत्र व हलफनामा देकर कहा कि वह पान की दुकान चलाता है। उसकी दुकान पर बीते 25 दिसम्बर को अफजल व दानिश नामक दो व्यक्ति से किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ और न ही वह स्थानीय कोतवाली में उन लोगों के खिलाफ कोई लिखित तहरीर दिया। सूचनाकर्ता के अनुसार उसे बताया गया कि वह उपरोक्त लोगों के खिलाफ शाहगंज कोतवाली में शिकायत किया। जिसपर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। जबकि ऐसी कोई शिकायत वह कोतवाली में नहीं किया है। राजकुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र व हलफनामा देकर अवगत कराते हुए कहा कि उपरोक्त लोगों से मेरा कोई विवाद नहीं है। इस प्रकरण की जांच कराकर मेरे खिलाफ रची गयी साजिश का पर्दाफाश किया जाय। बताते चलें कि राजकुमार के नाम से कोतवाली पुलिस ने पांच जनवरी को मुकदमा अपराध संख्या 6/22 मारपीट गाली गलौज व जान से मारने की धमकी आदि धाराओं में दर्ज किया। जिसकी जानकारी होने पर कथित आरोपी वादी मुकदमा से मिलकर मामले को जानने का प्रयास किया। पूरी जानकारी होने पर वादी ने किसी भी तरह की मतभेद रंजिश से इंकार करते हुए केस पंजीकृत कराने से अनभिज्ञता जताई। रविवार को कथित वादी मुकदमा राजकुमार पुलिस अधीक्षण अजय साहनी, जिलाधिकारी से मिलने के अलावा उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर निराधार मुकदमे की जांच कराए जाने की मांग की। राजकुमार ने कहा कि आपसी भाईचारा खराब करने की साजिश के तहत अराजक तत्वों द्वारा मेरा नाम दिया जा रहा है। मामले में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार आर्या ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पैसे के लेनदेन का विवाद था। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज हुआ बाद में दोनों ने आपसी समझौता कर लिया। जांच के बाद मुकदमा स्पंज किया जाएगा।

# पूर्व विधायक नदीम के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कांग्रेस अल्पसंख्यक सेल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व जौनपुर सदर से कांग्रेस पार्टी के विधायक रहे नदीम जावेद के खिलाफ सोमवार को कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार आर्य ने आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने यह कार्रवाई चुनाव आचार संहिता का पूर्व विधायक द्वारा उल्लंघन किए जाने का इंटरनेट पर वीडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई की है। नदीम जावेद 2012 में कांग्रेस के टिकट पर जौनपुर सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे व कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। सोमवार की सुबह एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हुआ जिसमें नदीम पांच गाड़ियों के काफिले के साथ एक ढाबा पर पहुंचे और वहां पर समर्थकों द्वारा स्वागत किए जाने का वीडियो वायरल हुआ। वाहनों में पार्टी के बड़े–बड़े झंडे लगे थे। इसके साथ ही वाहनों से हूटर बजने की आवाज भी वीडियो में सुनाई दे रहा है। यह वीडियो इंटरनेट पर थोड़ी ही देर में तेजी के साथ फैलने लगी और पूर्व विधायक द्वारा चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन खुलेआम किए जाने को लेकर लोग अलग–अलग प्रतिक्रिया देने लगे हैं। वीडियो प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार आर्य के मोबाइल पर भी पहुंचा तो उन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुए पूर्व विधायक नदीम जावेद के खिलाफ कोतवाली में भारतीय दंड विधान की धारा 188, 133, 177 अंतर्गत पंजीकृत कराया।

# 12 मार्च 2022 को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर महोदय के आदेशानुसार 12 मार्च 2022 दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से दीवानी न्यायालय परिसर जौनपुर एवं समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक समनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, पारिवारिक वाद (विवाह विच्छेद सम्बन्धित वादों को छोड़कर), श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभो से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। लोक अदालत के माध्यम से वाद निस्तारण के लाभ हैं जैसे कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित है तथा लोक अदालत में निस्तारित वादों के आदेशों के विरूद्ध कोई अपील नहीं तथा शुल्क वापसी का भी प्रावधान है। अतः वादकारी अपने सम्बन्धित न्यायालय में सम्पर्क कर अपने वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित कराकर लोक अदालत का लाभ उठायें।

# दो लैपटाप 14 मोबाइल फोन व 700 ग्राम गांजा नाजायज के साथ एक शातिर अभियुक्त को थाना मड़ियाहूँ पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रा0) व क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मड़ियाहूँ मय पुलिस टीम द्वारा दिनांक 10.01.2022 को मुखबिर खास की सूचना पर ददरा महमदपुर मोबाईल रिपेयरिंग की दुकान के पास समय 22.30 बजे एक अभियुक्त ओमप्रकाश विश्वकर्मा पुत्र स्व. सूर्यबली विश्वकर्मा नि. ग्राम ददरा महमदपुर थाना मडियाहूँ, जौनपुर को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से दो अदद लैपटाप, 14 अदद मोबाइल फोन व 700 ग्राम गांजा नाजायज बरामद किया गया। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 12/2022 धारा 41/411/414/419/420 भादवि0 व 65,66ठ,66क आई.टी. एक्ट व मु0अ0सं0 13/2022 धारा 8/20 छक्पै एक्ट थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर। गिरफ्तार अभियुक्त 1. ओमप्रकाश विश्वकर्मा पुत्र स्व. सूर्यबली विश्वकर्मा नि. ग्राम ददरा महमदपुर थाना



मडियाहूँ, जौनपुर उम्र करीब 27 वर्ष बरामदगी का विवरण– 1. दो अदद लैपटाप एचपी ब्रांड। 2. 14 अदद मोबाईल फोन। 3. 700 ग्राम नाजायज गांजा। गिरफ्तारी करने वाली टीमः 1. उ0नि0कश्यप कुमार सिह थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर । 2. हे0का0कृष्णमुरारी यादव थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर । 3. हे0का0सुरज सोनकर थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर। 4. का0 कालिका यादव थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर।

# देश को समझने के लिए हिंदी जरूरी – डॉ राम सुधार सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सोमवार को जनसंचार विभाग तथा भारतीय भाषा संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ की ओर से विश्व हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय था राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उन्नयन में हिंदी भाषा की भूमिका। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि हिंदी के विद्वान और



साहित्यकार डॉ. राम सुधार सिंह ने कहा कि भारत की संस्कृति को समझने के लिए हिंदी को समझना बहुत जरूरी है। हिंदी में सभी भाषाओं को अपनाने की ताकत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय मूल्यों के करीब है। नए भारत के निर्माण के लिए विवेकानंद जी की जो इच्छा थी वह राष्ट्रीय शिक्षा नीति में समाहित है। उन्होंने महात्मा गांधी, भारतेंदु हरिश्चंद्र, फादर कामिल बुल्के का उद्धरण सुनाते हुए कहा कि हम राष्ट्र के प्रति समर्पित पीढ़ी को तैयार नहीं कर पाए नहीं तो हिंदी आज राष्ट्रभाषा होती। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि भाषा संस्कृति और संस्कारों को लेकर चलती है आज के दिन हमें हिंदी को और भी समृद्ध करने का संकल्प लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद हम सभी हिंदी भाषा को लेकर तटस्थ नहीं थे जिसके कारण हिन्दी राष्ट्रभाषा नहीं बन सकी। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर स्नातकोत्तर कक्षाओं में हिंदी की पढ़ाई होती है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वह एक और भारतीय भाषाओं को सीखें। अतिथियों का स्वागत भाषण प्रोफेसर मानस पांडेय ने किया। मुख्य अतिथि का परिचय डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने प्रस्तुत किया ।संगोष्ठी का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज मिश्र ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर,प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो.राजेश शर्मा, प्रो. रामनारायण, प्रो. देवराज सिंह, डॉ राजकुमार, डॉ रजनीश भास्कर डॉ. संजीव गंगवार,ध डॉ मनीष गुप्ता, डॉ अमरेन्द्र सिंह, डॉ अवध बिहारी, सिंह, डॉ. राजीव कुमार, डॉ आलोक दास,ध श्रीमती बबिता सिंह, डॉ चंदन सिंह, डा.लक्ष्मी प्रसाद मौर्य आदि उपस्थित थे।

# डॉ. अपरबल का जाना हिंदी जगत की बड़ी क्षतिः कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कार्य परिषद के पूर्व सदस्य डॉ. अपरबल राम यादव के निधन पर सोमवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति सभागार में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि वह मेरे गुरु भाई थे, उनके निधन से हिन्दी साहित्य जगत को बहुत गहरा आघात लगा है। सबसे बड़ी बात कि उनमें मानवीय गुण ज्यादा था जिसके कारण लोग उनसे जुड़े रहना पसंद करते थे। इस अवसर पर हिंदी के साहित्यकार डॉ. राम सुथार सिंह ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि डॉ. अपरबल राम यादव का हिंदी साहित्य के साथ भाषा विज्ञान पर भी अच्छी पकड़ थी। इस अवसर पर प्रोफेसर मानस पांडेय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रोफेसर अशोक श्रीवास्तव, प्रो. देवराज सिंह,डॉ मनोज मिश्र, डॉ राजकुमार, डॉ संतोष कुमार डॉ मनीष कुमार गुप्ता, डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. रजनीश भास्कर, डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ मंगला प्रसाद यादव, डॉ नितेश जायसवाल, डॉ पीके कौशिक आदि उपस्थित थे।

# कोरोना से निपटने के लिए स्वास्थ्य महकमा ने निगरानी समितियों को किया सक्रिय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोरोना की तीसरी लहर में संक्रमित मरीजों की लगातार बढ़ रही संख्या को लेकर स्वास्थ्य महकमा खासा गंभीर है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर संजय दुबे ने कोरोना से निपटने के लिए गठित 3 समितियों को सक्रिय किया है। पहली सीमित में डॉ मनीष मौर्या के साथ नेत्र परीक्षण अधिकारी प्रमोद मिश्रा एवं गीता शर्मा दूसरी टीम में डॉक्टर पूजा त्रिपाठी के साथ नेत्र परीक्षण अधिकारी सुशील यादव एवं एक एन एम रिंकी सचान तथा तीसरी टीम में डॉक्टर श्वेता विक्रम के साथ सलाहकार राजा शंकर स्टाफ नर्स कल्पेश जोशी शामिल हैं! इन समितियों को सक्रिय किया गया है ! अधीक्षक डॉक्टर दुबे ने बताया कि समितियों को चेताया गया है कि पॉजिटिव मरीजों के घर और अगल–बगल के लक्षण प्रभावित मरीजों में दवा वितरण करें । कोबिड जांच निरंतर करते रहें ! कोविड– जांच के दौरान यदि किसी व्यक्ति में कोरोना का लक्षण पाया जाता है तो तत्काल इसकी सूचना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुहैया कराना सुनिश्चित करें! ताकि समय रहते उनका इलाज किया जा सके। अधीक्षक डॉक्टर दुबे ने बताया कि निगरानी समितियों को यह भी बताया गया है कि कोरोना से बचने के लिए लोगों को मास्क लगाने, हांथों को बार बार साबुन से धोने तथा सेनटाइजर का प्रयोग करने के लिए जागरूक करें।

# ईवीएम मशीन का डेमो कराकर मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर तहसील परिसर में चुनाव आयोग द्वारा आम लोगों के लिए ईवीएम मशीन लगाई गई है। मशीन का डेमो देकर आपरेटर मतदाताओं को जागरूक कर रहा है।यह मशीन लोगो के आकर्षक का केंद्र बनी हुई है। ईवीएम मशीन के ऑपरेटर अखिलेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिदिन लगभग पचास से सौ लोग मशीन पर अपना डेमो देते है। डेमो देखने के बाद वो वी पैट पर अपनी वोट भी कन्फर्म करते है। तहसील परिसर में डेढ़ महीने से लगी मशीन में लगभग 15 सौ से ज्यादा लोग अपना डेमो चेक कर चुके है। डेमो मतदान करने वाले सभी का नाम पता व मोबाईल नंबर दर्ज कर लिस्ट भी बनाई गई है। उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने बताया लोग ईवीएम पर पर मत देने के बाद मशीन के प्रति संतुष्टि जाहिर कर रहे है। लोग सही जगह मत पड़ने के बाद आश्वस्त हो रहे है।

### उद्देश्य सिंह एबीवीपी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर क्षेत्र के कुरनी गांव निवासी उद्देश्य सिंह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किये गये है। डॉ शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय लखनऊ में संपन्न हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 61वें प्रांत अधिवेशन में मछलीशहर के कुरनी गांव निवासी व लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति में सक्रिय उद्देश्य सिंह को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। उद्देश्य सिंह पूर्व में उदय प्रताप कॉलेज के छात्र राजनीति में सक्रिय रहे व पूर्व में तहसील सहसंयोजक काशी जैसे कई महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं।उक्त के पिता सुरेन्द्र विक्रम सिंह भाजपा के सांगठनिक जिला मछलीशहर के जिलाउपाध्यक्ष हैं।

# आज से भाजपा करेंगी लाभार्थी सम्पर्क अभियान का सुभारम्भ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि आज से यानि 11 जनवरी से लाभार्थी सम्पर्क अभियान का सुभारम्भ होगा, जिसमें जिले के प्रत्येक बूथ पर पुरुष लाभार्थी सम्पर्क टोली और महिला सम्पर्क टोली एक साथ निकलेगी। इस टोली में पार्टी की बूथ समिति, पन्ना प्रमुख, बूथ पर निवास करने वाले पदाधिकारी, मोर्चा के पदाधिकारी, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी को सम्मिलित करते हुए टोली बनाया गया है। इसके अलावा जिले के पदाधिकारियों के साथ–साथजनप्रतिनिधि गण भी घर–घर जाकर जन सम्पर्क करके सरकार की उपलब्धियों से अवगत करायेगें एवं भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील भी करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि प्रत्येक लाभार्थी परिवार से संपर्क कर संवाद करना है जिसमें पुरुष टोली पुरुष लाभार्थी से और महिला टोली महिला लाभार्थी से संपर्क करेगी और हल्दी कुमकुम लगाकर उनका तिलक करेगी, लाभार्थी परिवार से संवाद करते समय केंद्र और प्रदेश सरकार के विभिन्न योजनाओं की चर्चा कर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का विस्तार से चर्चा करेगे। लाभार्थी परिवार से संपर्क करते समय अपनी ही बात नही बताना है बल्कि यदि उनका कोई सुझाव है तो उसको ध्यान से सुनेगे और



आवश्यक हो तो नोट भी करेंगे और प्रत्येक बूथ पर सूची के मुताबिक प्रत्येक लाभार्थी का अभिनन्दन करने का काम करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति के सुभ अवसर पर सभी शक्ति केंद्रों पर खिचड़ी सहभोज का आयोजन होगा जिसमें केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा लाभ प्राप्त लाभार्थी को खिचड़ी सहभोज में आमंत्रित कर उनके साथ पांत में बैठकर भोजन करेंगे। उक्त जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी आमोद कुमार सिंह ने दी।

# चपरामऊ गांव में चोरों ने दो स्थानों से चुराया स्टेप्लाइजर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र के चपरामऊ गांव में चोरों ने अलग–अलग दो स्थानों पर लगें स्टेप्लाइजर चुरा ले गए। उधार थाने से महज सौ मीटर दूर पर स्थित डाकघर का ताला तोड़कर चोरों ने अंदर प्रवेश कर सरकारी कागजों को तितर–वितर कर दिया। थाना क्षेत्र के चपरामऊ गांव निवासी रविन्द्र प्रसाद यादव एवं दूबे चक निवासी अशोक कुमार यादव हाइवे के बगल खेतों की सिंचाई हेतु समरसेबुल लगा रखें है। रविवार की रात्रि चोरों ने दोनों स्थानों पर लगा स्टेप्लाइजर चुरा ले गए। दोनो पीड़ितों ने तहरीर दी है। थाना से महज सौ मीटर दूर बक्शा डाकघर का चोरों ने ताला तोड़कर डाकघर में प्रवेश कर गए। चोर नगदी के चक्कर में सरकारी कागजातो को छितर–बितर कर दिए। पोस्टमास्टर राजेश कुमार कनौजिया ने बताया कि देखने से लगता है कि चोरों ने नगदी ढूढने का प्रयास किया है। थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि चोरी के मामले की जांच की जा रही है दो संदिग्ध लोगों को लेकर पूछताछ की जा रही है जल्द मामले का खुलासा होगा।

# वरिष्ठ पत्रकार डा. मधुकर तिवारी की माता का निधन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर पत्रकार संघ के महामंत्री, वरिष्ठ पत्रकार डा. मधुकर तिवारी की माता शैल कुमारी (80 वर्ष) का आज शाम करीब साढ़े चार बजे ह्दयगति रूकने से निधन हो गया। पत्रकार की माता की मौत की खबर लगते ही पूरे जनपद के पत्रकारों शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। शोक संवेदना प्रकट करने वालों का उनके शहर के पॉलिटेक्निक स्थित आवास पर ताता लग गया है। शैलकुमारी के दो पुत्र है। बड़े पुत्र डा. मधुकर तिवारी पत्रकार हैं, दूसरे पुत्र अनुराग तिवारी जौनपुर मैं रेलवे विभाग में सेवारत हैं।

# 02 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा, 01 तमंचा 315 बोर के साथ एक अभियुक्त को थाना बरसठी जौनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बरसठी रामसरीख गौतम मय हमराह के द्वारा ग्राम मियाँचक बबुरीगांव मोड़ से अभियुक्त प्रवीण मिश्रा उर्फ खगेश मिश्रा पुत्र लालचन्द मिश्रा निवासी बारीगांव थाना बरसठी जौनपुर को 2 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा, 01 अदद तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 05/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट व मु0अ0सं0 06/22 धारा 3/7/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही उपरान्त चालान न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त 1. प्रवीण मिश्रा उर्फ खगेश मिश्रा पुत्र लालचन्द मिश्रा निवासी बारीगांव थाना बरसठी जौनपुर। बरामदी का विवरण– 2 किलो 100 ग्राम



नाजायज गांजा, 1 अदद तमंचा, 1 अदद जिन्दा कारतूस गिरफ्तारी टीम– 1.थानाध्यक्ष रामसरीख गौतम थाना बरसठी जौनपुर 2.उ0नि0 संजय कुमार यादव थाना बरसठी जौनपुर 3.हे0का0 राजू सिंह थाना बरसठी जौनपुर 4.का0 बलवन्त प्रसाद थाना बरसठी जौनपुर 5.का0 विनय सिंह थाना बरसठी जौनपुर 6.का0 रमाकान्त यादव थाना बरसठी जौनपुर 7.का0 अभिषेक सिंह थाना बरसठी जौनपुर।

# थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा अवैध चायनीज मांझा बेचने वाले व्यक्ति को माल सहित किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चालये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सदानन्द राय मुगराबादशाहपुर मय टीम द्वारा दिनाकं 10/01/2022 को समय करीब 16.20 बजे अभियुक्त 1. प्रवीण कुमार जायसावाल पुत्र विरेन्द्र कुमार जायसवाल निवासी स्टेशन रोड कमालपुर थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर के बादशाहपुर स्टेशन रोड स्थित उसके पतंग/परेती की दुकान से लगभग 70 अदद बड़ी रील अवैधा चायनीज मांझा वजन लगभग 30 किलोग्राम के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 014/2022 धारा 188 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । गिरफ्तार अभियुक्त 1. प्रवीण कुमार जायसावाल पुत्र विरेन्द्र कुमार जायसवाल निवासी स्टेशन रोड कमालपुर थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर बरामदगी



– 70 अदद बड़ी रील अवैध चायनीज मांझा वजन लगभग 30 किलोग्राम । गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1. श्री सदानन्द राय थानाध्यक्ष थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2. उ0नि0 दिनेश कुमार थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 3. हे0का0 विनोद सिंह,हे0का0चा0 मनोज कुमार चौबे,का0 ओमप्रकाश मिश्रा,का0 गया प्रसाद पटेल,का0 अभिमन्यु यादव,का0 रवि प्रकाश यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

# कड़ी मशक्कत के बाद दो वारंटी गिरफ्तार

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध को नियंत्रित पाने के लिए प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए नजर आए कई। अपराध कर के फरार चल रहे हैं, अपराधी को सराय ख्वाजा थाना पुलिस ने टीम गठित कर गिरफ्तार कर लिया है। उप निरीक्षक शिव प्रसाद वर्मा सरायख्वाजा और उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार दुबे शिकारपुर चौकी ने हे0 का0 अनुज प्रताप सिंह, हे0 का0 पवित्र भूषण तिवारी थाना सरायख्वाजा, का0 आनंद सागर चौकी शिकारपुर थाना सरायख्वाजा के द्वारा हमराहीयों के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। राज नारायण पुत्र रामदुलार 58 वर्ष निवासी बैजापुर थाना सरायख्वाजा संबंधी धारा 01/22, 323/504/506 भादवी थाना सराय ख्वाजा और कमला पुत्र भारत 35



वर्ष निवासी बरगांव थाना सरायख्वाजा। संबंधित मुकदमा संख्या 1628/15 धारा 323/504/506 भादवि थाना सरायख्वाजा जौनपुर।

## नवागत महिला थाना प्रभारी निशा शुक्ला ने चेकिंग के दौरान लोगों को कोरोना से बचने के प्रति किया जागरुक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले में नवागत महिला थाना प्रभारी अयोध्या निशा शुक्ला ने आते ही जहां एक ओर अपने कार्य कुशलता से अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों से आपसी सामंजस बनाते हुए कार्य करने का दिशा निर्देश दिया।वहीं इसी कड़ी में उन्होने पुलिस उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर इस समय तेजी से फैल रहे कोरोना संक्रमण के चलते शहर के कई चौराहों पर मास्क चेकिंग अभियान चलाकर लोगों को कोरोना से बचने के उपाय बताया।मालूम हो कि वर्ष 1999 बैच की बहराइच जिले की मूल निवासी नवागत महिला थाना प्रभारी निशा शुक्ला कार्यभार ग्रहण करने के दूसरे दिन ही काफी सक्रिय दिखी।वहीं रविवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अपने अधीनस्थ सभी महिला पुलिस कर्मियों के साथ एक बैठक भी किया इस बैठक में उन्होंने अपने अधीनस्थ सभी महिला पुलिसकर्मियों को आपसी सामंजस्य व तालमेल से कार्य करने का सुझाव दिया।इस दौरान उन्होंने बताया कि महिला थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाए खासकर महिलाओं व लड़कियों के साथ साथ बुजुर्गों सहित अन्य लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद जहां तक हो उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो।इस मौके पर नवागत महिला थाना प्रभारी निशा शुक्ला ने कहा कि इस समय कोरोना संक्रमण बहुत ही तेजी से फैल रहा है।इसके लिए जहां हम सभी लोगों को सावधानी बरतनी होगी वहीं दूसरी तरफ शासन की मंशा के अनुरूप और उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर बीच–बीच में शहर के सभी भागों में चौराहों पर व सार्वजनिक स्थलों पर मास्क चेकिंग अभियान चलाकर लोगों



को मास्क पहनने सैनिटाइजर रखने व सामाजिक दूरी बनाने के प्रति जागरूक करना होगा अगर कोई भी इसका पालन करते नहीं पाया गया तो आप सभी उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करें।इसी कड़ी में नवागत महिला थाना प्रभारी निशा शुक्ला ने अपने अधीनस्थ शहर के कई विभागों व चौराहों के साथ–साथ सार्वजनिक स्थलों पर मास्क चेकिंग अभियान चलाया और इस दौरान लोगों को जहां एक ओर कोरोना संक्रमण से बचने के टिप्स दिए वहीं दूसरी तरफ इस मौके पर कई लोगों के विरुद्ध पुलिसिया कार्यवाही भी किया कुल मिलाकर नवागत महिला थाना प्रभारी निशा शुक्ला के द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्य को देखते हुए शहरवासी भी उनके कार्य के प्रति काफी सराहना की शहर के लोगों ने इस मौके पर बताया कि पुलिस की बातों को मानकर हम लोगों को कोरोना संक्रमण से बचना चाहिए और मास्क सैनिटाइजर का प्रयोग करके सामाजिक दूरी बनाना चाहिए वही नाइट कर्फ्यू का भी पालन भी लोगों को करना होगा।

## हाइवे पर खड़े कंटेनर में पीछे ट्रक ने मारी टक्कर : चालक की मौत व एक घायल

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : रविवार की सुबह लगभग 6 बजे लखनऊ अयोध्या नेशनल हाइवे पर बसौढ़ी पौधशाला के पास एक गिट्टी लदा कंटेनर खड़ा हुआ था कि तभी एक तेज रफ्तार ट्रक अयोध्या की तरफ जा रहा था और चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया सामने खड़े कन्टेनर में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया।टक्कर इतनी जबरदस्त रही कि वाहन का अगला हिस्सा के परखच्चे उड़ गए। बचाओ बचाओ की आवाज आने लगी।घटना स्थल से मात्र दो सौ मीटर की दूरी पर हाइवे पुलिस चौकी थी सूचना के बाद तत्काल मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव अपने सिपाहियों के साथ व वहां पर मौजूद ग्रामीणों के सहयोग से ट्रक में फंसे लोगों को बाहर निकाल कर इलाज के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी मवई भेजवाया।जहां पर इलाज के दौरान चालक जितेंद्र कुमार यादव उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी सदरा थाना मेहन्दावल जनपद खलीलाबाद की मौत हो गई जब कि खलासी राजेन्द्र प्रसाद उम्र 38 वर्ष निवासी घनघटा संतकबीरनगर घायल हो गया जिसको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हाइवे पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि मृतक चालक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है और घायल खलासी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## कोरोना तीसरी लहर के मद्देनजर कुलपति ने की आकस्मिक बैठक : ऑनलाइन क्लासेज चलाने का कृषि विश्वविद्यालय ने लिया निर्णय

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने बढ़ते कोरोना संक्रमण पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में करोना की तीसरी लहर से निपटने पर मंथन एवं विश्वविद्यालय स्तर पर की जाने वाली तैयारियों पर निर्देश देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को अविलंब विश्वविद्यालय परिसर में जांच शिविर एवं छात्र–छात्राओं तथा विश्वविद्यालय कर्मियों के परिजनो के टीकाकरण की व्यवस्था कराए जाने के साथ–साथ कोविड नियमों का भी कड़ाई से पालन किए जाने का निर्देश दिया। तथा बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय की समस्त कक्षाएं ऑनलाइन संचालित किया जाएगा। नए छात्रों का पंजीकरण (आईसीएआर से नामित छात्रों का भी) भी ऑनलाइन ही किया जाएगा। स्नातक द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष, स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष एवं पीएचडी प्रथम वर्ष के छात्रों को वापस अपने घर जाने हेतु निर्देशित किया गया। स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों को अपने छात्रावास में रहकर कोविड–19 नियमों का पालन करते हुए छात्रावास से बाहर ना निकलने हेतु निर्देशित किया गया। ऑनलाइन क्लासेस का संचालन पूर्व की भांति होगा। एमएससी द्वितीय वर्ष एवं पीएचडी अंतिम वर्ष के छात्रों को उनके शोध कार्य की आवश्यकता को देखते हुए उनके एडवाइजर के सलाह एवं सहमति पर ही विश्वविद्यालय में रुकने की अनुमति प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय कर्मियों एवं परिसर वासियों को कोविड–19 के नियमों का सख्ती से पालन किए जाने का निर्देश दिया गया।

## ब्राह्मण समाज ने बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी में आस्था जताते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

अयोध्या संवाददाता अजय कुमार तिवारी : समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने आशुतोष पांडे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के युवाओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की इस मौके पर ,महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने पार्टी का झंडा सौंपकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई, कार्यक्रम का संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मिसम ने किया,इस मौके पूर्व मंत्री ने कहा कि आज ब्राम्हण समाज के जिम्मेदार साथियों ने पार्टी की सदस्यता लेकर पार्टी को मजबूत किया है, आने वाले 2022 के चुनाव में यही ब्राह्मण समाज उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएगा महानगर अध्यक्ष ने कहा आज युवा वर्ग लोकप्रिय अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री के रुप में देखना चाहता है इसलिए आज ब्राह्मण समाज का रुझान समाजवादी पार्टी की तरफ बढ़ा है, महानगर अध्यक्ष ने पार्टी में शामिल हुए सभी लोगो का माला पहनाकर स्वागत किया। पार्टी की सदयस्ता ग्रहण करने वालो में विपिन तिवारी, सुरेश मिश्रा,अखिलेश शुक्ला, अजय सोनकर, बिखंड सैनी, अर्पित पांडे, अक्षित पांडे रितेश मिश्रा, ललित सिंह, सत्येंद्र गॉड परवेज खान अभय पांडे, रंजीत गुप्ता, अभय, अनुपमकुमार, रवि पाठक, सत्या सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि इस मौके पर पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, प्रदेश उपाध्यक्ष मुलायम यूथ ब्रिगेड मोहम्मद सोहेल, पूर्व प्रदेश सचिव सादमान खान महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक आसिफ चांद, फरीद कुरेशी , इमरान खान, मुशीर खान बोसू इत्यादि लोग मौजूद रहे!

## हल्की बूंदाबांदी से ही आवागमन बाधित : विकासखण्ड अमानीगंज की लगभग सभी सड़कों पर जलभराव

अयोध्या संवाददाता अजय कुमार तिवारी : पिछले सप्ताह हुई बूंदाबांदी व हल्की बरसात के कारण अमानीगंज विकासखंड की सभी बाजारों में जलभराव साफ दिखाई पड़ रहा है । टूटी हुई सड़कों पर जलभराव हो जाने से जहां एक ओर आवागमन बाधित हो गया है वही लोगों को गढढा युक्त सड़कों में से होकर आना जाना पड़ रहा है । ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाली अमानीगंज विकासखंड की सबसे महत्वपूर्ण सड़क पर कोटिया चौराहे से लेकर खंडासा बाजार तक हजारों की संख्या में गडढ़े हैं । खंडासा बाजार में सड़कों पर पड़े बड़े–बड़े बोल्डर इस बात के गवाह हैं कि सड़क पर चलना है तो जान को जोखिम में डालकर चलिए । हल्की बरसात में ही सड़कों पर भरा हुआ पानी विकास की कहानी बयां कर रहा है । अमरगंज से नागीपुर की सड़क पर आप जब चलते हैं तो अनुभव होता है कि सड़क पर नहीं गड्ढों में तैर रहे हैं, बिना दो चार जगह गिरे तथा कीचड़ में सने आप बच नहीं सकते हैं । अमानीगंज विकासखंड को जाने वाली खंडासा पुलिस चौकी की सड़क पर चलने पर आप यह भी अंदाजा लगा सकते हैं कि हम गड्ढों पर चल रहे हैं या यहां कभी सड़क भी बनी थी । यही हाल ब्लॉक मुख्यालय से घोडवल बाजार को जोड़ने वाली सड़क का है जहां गड्ढों के अतिरिक्त सड़क पर कहीं नाम मात्र सड़क दिखाई नहीं पड़ती है ।अमानीगंज से गदुरही बाजार वाया डयोडी बाजार को जाने वाली सड़क भी गड्ढों की कहानी कहने के लिए पर्याप्त है वैसे तो मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा कर उसे प्रदेश के आर्दश विधानसभा क्षेत्रों में शामिल करने का वादा पहले से ही होता आया है लेकिन हल्की बूंदाबांदी में तथाकथित विकास की सारी पोल खुल कर रह गई है।

## कोटेदार द्वारा सीएम व पीएम के फोटो वाले पैकेट में राशन बांटने के मामले में डीएसओ ने जांच कराने की बात

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के मिल्कीपुर में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है।सूत्र के मुताबिक पीएम मोदी व सीएम योगी के फोटे छपे राशन के पैकेट सरकारी राशन की दुकान से बांटे गए। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा,पीएम मोदी व सीएम योगी के फोटे छपे राशन के पैकेट सरकारी राशन की दुकान से बांटे गए, अयोध्या में आदर्श चुनाव आचार संहिता का मजाक उड़ाया जा रहा है। राशन वितरण के दौरान कोटेदार ने पीएम मोदी व सीएम योगी के फोटो के साथ नमक, तेल व चना के पैकेट बांट रहे है। जिला पूर्ति निरीक्षक अयोध्या अभिनव सिंह का कहना है कि रविवार को ही आदेश आया है हो सकता है कोटेदार को जानकारी न रही हो और वह राशन का वितरण शुरू करा दिया हो। फिलहाल मामले की जांच कराई जाएगी,रविवार को जारी हुआ था आदेश और कम आय वर्ग के कार्ड धारकों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने दिसंबर 2021 से मार्च 2022 तक चार महीने के लिए निःशुल्क वितरण कर रहा है. जिसमें गेहूं – चावल के साथ ही प्रति कार्डधारक एक लीटर रिफाइंड तेल व एक–एक किलो चना व नमक फ्री वितरिण किया जा रहा है. हालांकि आचार संहिता लगने के बाद चुनाव आयोग ने निर्देश दिया था कि निःशुल्क राशन वितरण के लिए आए पैकेटों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो छपी है। ऐसे पैकेट का वितरण



तत्काल रोक दिया जाए,ग्राम पंचायत नरेंद्रा भादा के कोटेदार ने किया कारनामा, पैकेट पर टैग लाइन – सोच ईमानदार,काम दमदार भी प्रिंट है। जिसके चलते उसका वितरण नहीं किया जाएगा। यदि उन पैकटों का वितरण किया जाता है तो आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरेंद्रा भादा के कोटेदार द्वारा सोमवार की सुबह से ही आदर्श आचार संहिता का खुले आम धज्जियां उड़ाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि चिन्हित स्थान पर कभी भी राशन का वितरण नहीं किया जाता है। चिन्हित स्थान से लगभग एक किलोमीटर दूर नरेंद्रा भादा चौराहे पर राशन का वितरण किया जा रहा था।इस संबंध में जब जिला पूर्ति निरीक्षक अयोध्या अभिनव सिंह से बात हुई तो उन्होंने कहा कि रविवार को ही आदेश आया है हो सकता है कोटेदार को जानकारी न रही हो और वह वितरण राशन का शुरू कर दिया हो।फिलहाल मामले की जांच कराई जाएगी।

## राष्ट्र हित है भारतीय केसरिया वाहिनी के लिये सर्वोपरि – मनोज श्रीवास्तव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राष्ट्रहित सर्वोपरि है और राष्ट्र के लिए बलिदान देने के लिए भारतीय केसरिया वाहिनी का प्रत्येक कार्यकर्ता सदैव तैयार रहता है।उक्त उदगार भारतीय केसरिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने चारबाग स्थित एक होटल में आयोजित पदभार ग्रहण एव अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किया।इस मौके पर श्री श्रीवास्तव ने कहा कि देश से बड़ा कोई धर्म नही होता इसीलिए सनातन धर्म मे राष्ट्रप्रेम सर्वोपरि माना जाता है।उन्होंने कहा कि भारतीय केसरिया वाहिनी अखण्ड भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए कार्य कर रही है। आगामी विधानसभा चुनाव के सम्बंध में श्री श्रीवास्तव जी ने कहा कि जो राम का घर बना रहे हैं हम उनकी सरकार बनवाएंगे।इस मौके पर इस कार्यक्रम में अध्यक्षीय संबोधन करते हुये वाहिनी के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव ह्रदय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अखण्ड भारत का संकल्प पूरा करने के लिए पूरे देश मे सनातन परंपरा को मानने वाली सरकार का होना आवश्यक है। इसीलिए आगामी माह में होने वाले पाँच राज्यो के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जीताने के लिए वाहिनी के कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार हो जाये। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे वाहिनी के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रेम पाल सिंह तोमर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में पुनः सरकार



का गठन हम सबका दायित्व है और यह दायित्व भारतीय केसरिया वाहिनी पूरी इमानदारी से निभायेगी।वही उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ लेवल की तैयारी मजबूती से करने की अपील की।इसी कडीध में कार्यक्रम में पधारे राष्ट्रीय संगठन मंत्री अजय बाजपेई ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को पूरी मेहनत से प्रदेश चुनाव की तैयारी में जुट जाने की अपील करते हुए राष्ट्र विरोधी ताकतों को सबक सिखाने की अपील की।इस समारोह में राष्ट्रीय महासचिव अजीत कुमार, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजना तिवारी, राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती इंदु बाला श्रीवास्तव ,प्रदेश सचिव हिमांशु मिश्रा ,दिलीप श्रीवास्तव सहित प्रदेश के लगभग सभी जनपदों से आए जिला अध्यक्षों ने भी अपना विचार व्यक्त किये।

## संयुक्त व्यापार मंडल की बैठक सम्पन्न : महासचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश ने सुनी व्यापारियो की समस्या

अयोध्या संवाददाता अजय कुमार तिवारी : संयुक्त व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश प्रभारी राघवेंद्र सिंह चंदेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष राज किरण तिवारी के निर्देशानुसार अयोध्या मंडल की बैठक की जिसमें संयुक्त व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महासचिव उत्तराखंड चंडीगढ़ प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह पूर्व प्रदेश महासचिव तारकेश्वरशर्मा पूर्व प्रदेश सचिव मोहम्मद फैज सदन पूर्व जिला अध्यक्ष नसीर फारुकी लल्ला पूर्व जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश रस्तोगी पूर्व जिलासचिव हनुमान प्रसाद गुप्ता मोहम्मद जब्बार खान मोहित महाराज सहित सैकड़ों व्यापारी बैठक में उपस्थित रहे प्रदेश प्रभारी राघवेंद्र चंदेल ने कहा हम इस बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को जानने के लिए आए हैं और उसका निराकरण व्यापारी कल्याण बोर्ड द्वारा कराया जाएगा बैठक में व्यापारियों ने बताया कि उनकी दुकानों का अधिग्रहण सरकार द्वारा किया जा रहा है जिसमें अयोध्या और फैजाबाद शहर के हजारों व्यापारियों के लिए रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया है जिसमें सहादतगंज से गांधी पार्क तक 135 फीट गांधी पार्क से परिक्रमा मार्ग उदया चौराहा तक 90 फीट और अयोध्या केअंदर के भाग में 90 फीट का अधिग्रहण किया जा रहा है जिसकी वजह से व्यापारियों के लिए रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया है संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश या मांग करता है पहले उन व्यापारियों को स्थापित किया जाए उचित मुआवजा दिया जाए फिर विस्थापितकिया जाए व्यापारियों ने सलाह दी कीचीरो सारनाथ मंदिर के सामने से राम जन्म भूमि तक के लिए रास्ता बनाया जाए एवं राम जन्म भूमि के पीछे पश्चिमी क्षेत्र से एक रास्ता बनाया जाए तो व्यापारियों की दुकानें बच जाएंगी बाहर से आने वालों के लिए बाईपास से रास्ता खोला जाए और सहादतगंज हनुमानगढ़ी से गुप्तार घाट होते हुए सरजू नदी के किनारे किनारे फोरलेन सड़क बनाई जाए जिससे सरकार की मनसा भी पूरी होगी और सरजू नदी के किनारे का घाट भी सुंदर हो जाएगा प्रदेश प्रभारी राघवेंद्र सिंह चंदेल ने सब को आश्वस्त किया कि व्यापारियों को पूरा न्याय मिलेगा संयुक्त व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष से मिलकर पुनः निवेदन किया जाएगा कि व्यापारियों संतुष्ट कर के ही कोई कार्य किया जाए व्यापारी सरकार के रीड की हड्डी है अगर सरकार इनको नुकसान पहुंचाएगी तो अंजाम भुगतने के लिए भी तैयार रहें आने वाले चुनाव में व्यापारी इसका घोर विरोध करेगा करोना,काल में व्यापारी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा रहा है दो दो बार लाकडाउन होने के बाद में किसी तरह व्यापारी पुनः खड़ा हो रहा है आगे उसके सामने घोर संकट नजर आ रहा है राष्ट्रीय महासचिव उत्तराखंड चंडीगढ़ प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने कहा व्यापारियों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा अगर व्यापारियों के साथ अन्याय हुआ तो व्यापारी उसका खुलकर विरोध करेगा।

## सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा– ना मैं चुनाव लड़ूंगा ना बसपा अध्यक्ष मायावती

लखनऊ ब्यूरो : बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा है कि इस विधानसभा चुनाव में न तो मैं चुनाव लड़ूंगा और न ही बसपा बसपा सुप्रीमो मायावती चुनाव लड़ेंगी। वह टीम को चुनाव लड़ाएंगे और बसपा इस बार सरकार बनाने जा रही है । उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी 400 सीटें तो तब जीतेगी जब उसे 400 उम्मीदवार मिलेंगे। बसपा के पास इस समय उम्मीदवारों की कतार है और एक–एक सीट पर कई–कई उम्मीदवार लाइन में है, जबकि दूसरे दलों के पास उम्मीदवार तक पूरे नहीं है। सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि बसपा सभी दलों की पार्टी है और खासतौर से ब्राह्मण वर्ग इस बार बसपा को सपोर्ट कर रहा है। यही कारण है कि 2007 की तरह सोशल इंजीनियरिंग भी जिसे कहा जाता है बसपा सुप्रीमो वही कर रही हैं और 2007 जैसे ही परिणाम इस चुनाव में आने वाले हैं इसके लिए विभिन्न सीटों पर उनकी तैयारी हो चुकी है।

## के.के गुप्ता बने समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के अध्यक्ष

अयोध्या संवाददाता अमित कुमार मणि त्रिपाठी : समाजवादी पार्टी व्यापार सभा ने अयोध्या जिले में अपने संगठन को और मजबूत करने के लिए समाजवादी व्यापार सभा अयोध्या का जिला अध्यक्ष के रूप में के के गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी है । पार्टी के प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष संजय गर्ग ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने के लिए रिकाबगंज फैजाबाद निवासी के के गुप्ता को व्यापार सभा का जिला अध्यक्ष बनाया है । श्री यादव ने बताया के के गुप्ता को समाजवादी व्यापार सभा का जिला अध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी में खुशी का माहौल है । पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं नेताओं ने इस मनोनयन पर हर्ष जताते हुए कहा कि इससे पार्टी जिले में और मजबूत होगी । जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि नवनियुक्त समाजवादी व्यापार सभा के अध्यक्ष के के गुप्ता से पार्टी ने यह अपेक्षा की है वह समाजवादी पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की नीतियों सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और अधिक बल गतिशीलता प्रदान करेंगे इस मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता मो हलीम पप्पू वशी हैदर गुड्डू डॉ अनुराग यादव सपन हुसैन राजू भाई।

## चुनाव आयोग ने दी है डोर–टू–डोर कैंपेन की अनुमति : पुष्पराज सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान और कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए लगे प्रतिबंधों के बीच भाजपा जौनपुर ने मंगलवार से घर–घर जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। भाजपा के जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने जौनपुर के पाँच विधानसभा क्षेत्र में चलने वाले इस महा जनसंपर्क अभियान के तहत पार्टी के पदाधिकारी 5–5 की संख्या में घर–घर जाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पाये लाभार्थियों का सम्मान किया और पार्टी के लिए वोट मांगें। इस जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करते हुए पुष्पराज सिंह ने नगर दक्षिणी के मण्डल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव के साथ 366 जौनपुर विधानसभा के घ्नगर दक्षिणी मंडल, मियांपुर शक्तिकेंद्र, बूथ सं० 481 पर मंगलवार को सुबह–सुबह उन लाभार्थियों के घर पहुंचकर सम्पर्क किये, जिन्हें केंद्र और प्रदेश की योजनाओं का लाभ मिला है। पुष्पराज सिंह ने लाभार्थियों को चंदन और कुमकुम का तिलक लगाया। सम्पर्क करने के पश्चात पुष्पराज सिंह ने कहा कि इस अभियान के तहत हम उन करोड़ों लोगों के घर–घर जा रहे हैं जिन्हें योजनाओं का लाभ मिला है, हमने काम किए हैं, कई काम ऐसे भी हैं जिन्हे पूरा करना है। हम लोगों का आशीर्वाद के साथ ही उनसे सुझाव भी ले रहे हैं। उन्होने आगे कहा कि चुनाव आयोग ने तारीखों के ऐलान के साथ ही कई प्रतिबंध लगाए हैं। जिसके तहत 15 जनवरी तक कोई जनसभा, रैली, पदयात्रा, रोडशो, नुक्कड़ सभा या नाटक नहीं होगा आयोग ने सभी दलों को पांच–पांच की संख्या में डोर–टू–डोर कैंपेन करने की छूट दी है। भाजपा ने इसी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए आज से जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की है। श्री सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओ से कहा कि प्रदेश की योगी सरकार के कुशल नेतृत्व में शोषितों, वंचितों, बेरोजगारों एवं कृषकों के आर्थिक उत्थान हेतु तमाम जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, आप सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि योजनाओं की जानकारी जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करें ताकि आम जनमानस उन योजनाओं का लाभ ले सके। नगर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, शिक्षा आदि मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए केंद्र व प्रदेश की सरकारें अपना शत प्रतिशत दे रही हैं। यदि कार्यकर्ता बंधु आम जनमानस को भाजपा सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराएं तो पूर्व के 2017 विधानसभा चुनाव एवं 2019 के लोकसभा चुनाव की तरह 2022 के विधानसभा चुनावों में भी प्रदेश भर में भाजपा का परचम लहराएगा। नगर उपाध्यक्ष डॉक्टर कमलेश निषाद एवं राजेश कनौजिया ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का एकमात्र उद्देश्य केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर लोगों को भाजपा की नीति रीति और सिद्धांतो से अवगत कराना है। महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष श्रीमती सीमा तिवारी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने महिलाओं के कल्याण हेतु बहुत कार्य किए हैं। पिछड़ा वर्ग के नगर अध्यक्ष शिव कमल मौर्य ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़ों को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कार्य किया है। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी जौनपुर नगर दक्षिणी के सभी 13 शक्ति केंद्रों पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता बंधुओं ने लाभार्थियों को टीका लगाकर उनसे आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर डी.सी.एफ. चेयरमैन धनंजय सिंह, विपिन द्विवेदी, नगर उपाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, नगर मंत्री दीपक मिश्रा, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष धीरज सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, रोली सिंह, शोभा निषाद, दुर्गावती, प्रदीप तिवारी, अनूप सोनी, तेज बहादुर सेठ, शुभम निषाद, अश्वनी निषाद, जगदीश मौर्य, सुधांशु विश्वकर्मा, डॉ घनश्याम चौहान, प्रमोद सिंह, विनोद गिरी, योगेंद्र कृष्ण वर्मा, अनिल गिरी, उपदेश चौहान, गुप्तेश्वर, सत्यनारायण निषाद, शरद टंडन, आलोक वैश्य, राहुल निषाद, शिवांश त्रिपाठी, अरुण केसरी, सीता देवी, जितेंद्र बिंद, अमित कुमार आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मेंo प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।